राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–77/2024

राज्यपाल ने बिहारवासियों को वैशाखी की शुभकामनाएँ दी

पटना, 12 अप्रैल, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने वैशाखी के अवसर पर बिहारवासियों एवं देशवासियों को शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि वैशाखी का पर्व फसल तैयार होने की खुशी में पूरे उत्साह और उल्लास से मनाया जाता है। यह देश के विभिन्न हिस्सों में अलग–अलग नाम और परम्पराओं के साथ मनाया जाता है। वैशाखी के दिन ही सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी।

राज्यपाल ने कामना की है कि यह त्योहार लोगों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि लेकर आये।

....